Thank You सांवरिया | by Pinky Mishra

मेरे श्याम की कृपा नज़र जो मुझपे चल गई
सच कह रही हूँ लाटरी मेरी निकल गई
Thank you Thank you सांवरिया

कोई चिंता ना मुझको सताये
खुशियां सौगात ले लेके आएं
चैन से हो रहा है गुज़ारा
चमका किस्मत का मेरे सितारा
दुनिया बदल गई दुनिया बदल गई दुनिया बदल गई
मिला प्यार श्याम का मेरी दुनिया बदल गई
सच कह रही हूँ लाटरी मेरी निकल गई
Thank you Thank you सांवरिया

सांवरे की शरण जबसे आई
ज़िन्दगी अपनी मैंने सजाई
रंग इसका चढ़ा मुझपे ऐसा
चाँद और चांदनी का है जैसा
तबियत मचल गई तबियत मचल गई तबियत मचल गई
देखि जो आँखों से छवि तबियत मचल गई
सच कह रही हूँ लाटरी मेरी निकल गई
Thank you Thank you सांवरिया

मेरी चाहत से ज्यादा मिला है
अब नहीं कोई शिकवा गिला है
श्याम से पाई ऐसा नज़राना
दिया कुंदन को दया का खज़ाना
मेरे यार टल गई मेरे यार टल गई मेरे यार टल गई
सारी बलाएँ सर से मेरे यार टल गई
सच कह रही हूँ लाटरी मेरी निकल गई
Thank you Thank you सांवरिया

https://bhaktivandana.com/lyrics/thank-you-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-by-pinky-mishra/